वैश्विक भ्रष्टाचार विरोधी नीति

स्वामी:	Anna Diaz, Chief Compliance Officer
समीक्षक:	Eva Argilés, General Counsel
अनुमोदनकर्ता:	Board of Directors
दिनांक:	12 नवंबर, 2021

संस्करण:	5.0
भाषा:	हिंदी
दायरा:	वैश्विक

1. नीति कथन

Applus+:

1. समस्त विश्व में कानूनी, नीतिपरक और व्यावसायिक रूप से व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

2. यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि Applus+ के पेशेवर, संयुक्त उद्यम भागीदार और अन्य पक्ष इस नीति को समझें और Applus+ की ओर से कानूनी, नीतिपरक और व्यावसायिक तरीके से व्यापार करें।

3. सरकारी अधिकारियों, ग्राहकों, अन्य कंपनियों के डायरेक्टरों, अधिकारियों या कर्मचारियों या अन्य किसी व्यक्ति के साथ घूसखोरी (वाणिज्यिक घूसखोरी सहित), रिश्वत, अनुचित या गैर-कानूनी भुगतान, उपहार या योगदान, और उनसे अनुकूल व्यवहार प्राप्त करने की अन्य किसी अनुचित पद्धति से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

4. जिन देशों में यह व्यापार करता है, उनमें भ्रष्टाचार विरोधी संगत कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

5. इस नीति के उल्लंघन को गंभीरता से लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

6. इस नीति के प्रोत्साहन में प्रभावी कार्यान्वयन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

सभी Applus+ पेशेवरों, Applus+ की ओर से काम करने वाले संयुक्त उद्यम भागीदारों और अन्य पक्षों से अपेक्षा है कि वे इस नीति का पालन करें और उन्हें Applus+ के व्यापार से संबंधित किसी भी तरह से किसी भी अनुचित लाभ या फायदे (घूसखोरी, रिश्वत, या अन्य अवैध भुगतान) की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में पेशकश करना, उनका वादा करना, देना, मांगना या स्वीकार करना निषिद्ध है जो प्राप्तकर्ता के दायित्वों के उल्लंघन को अपरिहार्य बना देता हो। Chief Compliance Officer Applus+ पेशेवरों को नामित करेंगे जो इस नीति पर र प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

Applus+ इस नीति के अतिक्रमणों को सहन नहीं करेगा। इस नीति के अतिक्रमणों की सूचना Applus+ के Chief Compliance Officer या Division Compliance Officer को अवश्य दी जाए।
Applus+ 'कोई प्रतिशोध नहीं' की नीति अपनाता है: Applus+ के पेशेवरों से इस नीति के संदिग्ध उल्लंघनों या अतिक्रमणों की सद्भाव से सूचना देने या इस नीति के तहत सहयोग करने के लिए प्रतिशोध नहीं लिया जाएगा।

Chief Compliance Officer इस नीति के स्वामी हैं और इस नीति के कार्यान्वयन और अनुपालन की अंतिम जिम्मेदारी उन्हीं की है। Chief Compliance Officer, Applus+ के अंदर इस नीति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होंगे। यदि इस नीति के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं तो कृपया Applus+ के Chief Compliance Officer या Division Compliance Officer से संपर्क करें।